दिन–मंगलवार दिनांक– 10/09/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

पटना के ज्ञान भवन में आज से पंचायती राज प्रतिनिधियों की तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला शुरू हुई। कार्यशाला का उद्घाटन केन्द्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने किया। इस अवसर पर पंचायती राज मंत्रालय में राज्य मंत्री एस. पी. सिंह बघेल, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने बताया कि कार्यशाला में बिहार समेत सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के लगभग तीन सौ प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। इस कार्यशाला की थीम है– सामाजिक रूप से न्यायपूर्ण और सुरक्षित पंचायत। कार्यशाला में भाग ले रहे पंचायत प्रतिनिधि विभिन्न सत्रों में अपने अनुभव साझा करेंगे।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज समस्तीपुर से आभार यात्रा की शुरूआत की। उन्होंने समस्तीपुर टाउन हॉल में कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। श्री यादव ने राज्य सरकार पर अपराधियों और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति चौपट हो गयी है और विकास का काम ठप पड़ गया है।

प्रदेश में मॉनसून सीजन के दौरान अब तक सत्ताईस प्रतिशत कम बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में अब तक लगभग आठ सौ चौवालीस मिलीमीटर बारिश होनी चाहिए थी लेकिन सात सौ सत्रह मिलीमीटर ही बारिश हुई है। सिर्फ चार जिले नवादा, अरवल, औरंगाबाद और शेखपुरा में सामान्य से अधिक बारिश हुई है। इसके अलावा अन्य चौंतीस जिलों में औसत से कम बारिश रिकॉर्ड की गयी। मधुबनी और सारण में सामान्य से बावन फीसदी कम बारिश हुई है। इधर, मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में मॉनसून की सक्रियता में कमी आयी है। इसके चलते अगले दो दिनों तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में छिटपुट बारिश की सम्भावना है। इस अवधि में कहीं भी भारी बारिश का पूर्वानुमान नहीं है।

प्रदेश में डेंगू के नए मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान तेईस नये मामलों की पुष्टि हुई है। पटना में सबसे अधिक अठारह नये

मामले मिले हैं। इधर, पीएमसीएच में डेंगू से पालीगंज के सिंगौरी थाना क्षेत्र निवासी एक किशोर की मौत हो गई। राज्य में डेंगू से अबतक तीन लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस वर्ष अब तक डेंगू के एक हजार एक सौ छियालीस मामले सामने आ चुके हैं। इस बीच, पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने कहा है कि डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुये नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल को डेंगू अस्पताल बनाने की तैयारी चल रही है। एक से दो दिनों में इसकी घोषणा कर दी जायेगी।

———————————————————————

प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में डूबने की घटनाओं में सात बच्चों की मौत हो गयी। बांका जिले के आनंदपुर थाना क्षेत्र के बेहरवारी गांव स्थित एक तालाब में नहाने के दौरान डूबने से चार बच्चियों की मौत हो गयी। वहीं, एक बच्ची को स्थानीय लोगों ने बचा लिया जिसका इलाज चल रहा है। इधर, पूर्वी चम्पारण जिले के पकड़ी दयाल थाना क्षेत्र अन्तर्गत शिवपुरी कुंडल गांव में कछुआ नदी में नहाने के दौरान डूबने से दो बच्चों की मौत हो गयी। दूसरी तरफ, मुंगेर जिले के धरहरा प्रखंड के अमारी पंचायत स्थित डंगरी आहर में डूबने से एक बच्ची की मौत हो गयी जबकि एक अन्य बच्ची को स्थानीय लोगों की मदद से बचा लिया गया।

———————————————————————

नालंदा जिले के चेरी चौकी क्षेत्र अन्तर्गत चेरो बाजार में शराब तस्करों के खिलाफ छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। इस हमले में दो पुलिसकर्मी घायल हो गये। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

भागलपुर जिले के बबरगंज थाना क्षेत्र में अपराधियों ने भाजपा नेता शशि मोदी पर बम से हमला कर दिया। साथ ही अपराधियों ने उनपर धारदार हथियार से भी हमला किया। घायल भाजपा नेता को बेहतर इलाज के लिए जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।